# संवेदीकरण कार्यक्रम में शामिल हो पुरुष

## शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्रों के लिए लिंग संवेदीकरण पर कार्यशाला

**हरिभूमि न्यूज . महेंद्रगढ़**




महेंद्रगढ़। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कुलपति आरसी कुहाड़। फोटोः हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट-पाली में महिला सशक्तीकरण प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों के लिए लिंग संवेदीकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जानीमानी सामाजिक कार्यकर्ता प्रो. पामेला सिंगला मुख्य वक्ता थी। महिला सशक्तीकरण प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. रेनू यादव ने अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि पुरुष भी लिंग संवेदीकरण कार्यक्रम में शामिल किए जाने चाहिए क्योंकि वे भी समाज का हिस्सा हैं। प्रो. पामेला सिंगला विश्वविद्यालय परिवार में लिंग संवेदीकरण के प्रति जागरूकता लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती हैं। कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने कहा कि सशक्तीकरण को केवल एक लिंग तक सीमित न रखकर समग्र विकास के रूप में देखना चाहिए। छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए थर्ड जेंडर को भी सशक्तीकरण में शामिल करने पर अपने विचार रखे। मौके पर विवि के अधिकारी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# जीवन की अनमोल धरोहर हैं पुस्तकें : प्रो. कुहाड़

**महेंद्रगढ़।** लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 140वीं जयंती के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट-पाली में पांच दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का शुरू की गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने किया। इस मौके पर कुहाड़ ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने एकता का जो पाठ हमें पढ़ाया था आज हमें उसी पर चलने की जरूरत है और एकता को हमें जीवन में धर्म के रूप में अपनाना होगा क्योंकि जिस चीज को धर्म के रूप में अपनाते हैं वह हमारे आचरण में स्वतः ही आ जाती है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने सभी के लिए पुस्तकों पर 30 प्रतिशत की सीधी छूट की घोषणा की, जिसे सभी प्रकाशकों द्वारा स्वीकार किया गया। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की पुस्तक प्रदर्शनी में दिल्ली,



महेंद्रगढ़। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़। फोटोः हरिभूमि

जयपुर, मथुरा, हिसार, आदि स्थानों से प्रतिष्ठित प्रकाशकों व वितरकों ने अपने स्टॉल लगाए हैं। विवि के पुस्तकालय प्रभारी डॉ. नरेंद्र सिंह ने प्रकाशकों का स्वागत किया तथा धन्यवाद ज्ञापन संकाय अध्यक्ष प्रो. आशीष दहिया ने किया।

# जीवन की अनमोल धरोहर हैं किताबें: कुलपति



**नारनौल.** केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी के दौरान पुस्तकों का अवलोकन करते केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़।

**नारनौल।** लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 140वीं जयंती के उपलक्ष्य में हरियाणा केंद्रीय विवि में पुस्तक प्रदर्शनी का उद्‌घाटन कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने किया।

प्रो. कुहाड़ ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने एकता का जो सबक पाठ हमें सिखाया था आज हमें उसी पर चलने की जरूरत है और एकता को हमें जीवन में धर्म के रूप में अपनाना होगा, क्योंकि जिस चीज को धर्म के रूप में अपनाते वह हमारे आचरण में स्वतः: ही आ जाती है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने सभी के लिए पुस्तकों पर 30 प्रतिशत की सीधी छूट की घोषणा की। जिसे सभी प्रकाशकों द्वारा स्वीकार किया गया। जिससे पाठक 30 प्रतिशत की सीधी छूट पर पुस्तकें खरीद सकते हैं। पुस्तकालय प्रभारी डॉ. नरेंद्र सिंह ने प्रकाशकों का स्वागत किया।

प्रदर्शनी में दिल्ली, जयपुर, मथुरा, हिसार आदि स्थानों से प्रतिष्ठित प्रकाशकों व वितरकों ने अपने स्टाल लगाए हैं, जिनमें लगभग सभी अनुशासनों की पुस्तकें उपलब्ध हैं। इस प्रदर्शनी में पुस्तकें ई-फार्मेट (सीडी व डीवीडी) में भी उपलब्ध हैं। आम नागरिक, समस्त स्कूलों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी भी इस पुस्तक प्रदर्शनी का लाभ ले सकते हैं।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में लिंग संवेदीकरण पर कार्यशाला

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों के लिए लिंग संवेदीकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता प्रो. पामेला सिंगला इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. रेनू यादव ने अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि पुरुष भी लिंग संवेदीकरण कार्यक्रम में शामिल किए जाने चाहिए क्योंकि वे भी समाज का हिस्सा हैं। कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने कहा कि सशक्तिकरण को केवल एक लिंग तक सीमित न रखकर समग्र विकास के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में जागरुकता को फैलाने के लिए गोद लिए हुए गांवों में अनेक गतिविधियों के माध्यम से यह संदेश पहुंचा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव रामदत्त ने भी लिंग संवेदीकरण पर अपने विचार रखते हुए महिलाओं के अधिकारों के बारे में समाज में जागरुकता लाने की आवश्यकता पर बल दिया



**महेंद्रगढ़.** कार्यशाला के दौरान संबोधित करते कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़।

## युवा समारोह के विजेताओं को सांसद करेंगे सम्मानित

**महेंद्रगढ़** | केंद्रीय विवि जाट-पाली के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय युवा समारोह के विजेता प्रतिभागियों को महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह बतौर मुख्य अतिथि सम्मानित करेंगे। युवा एवं सांस्कृतिक अधिकारी अनिल कौशिक ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय युवा समारोह का आयोजन 28 अक्टूबर को केंद्रीय विवि जाट-पाली के सभागार में किया जा रहा है। बुधवार शाम चार बजे सांसद विवि के सभागार में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी करेंगे।